जल संरक्षण एवं स्रोतों के संवर्धन का दिया संदेश

सलूम्बर

चित्तौड़गढ़

फतहनगर

सलूम्बर (प्रातःकाल संवाददाता)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं जनसहभागिता आधारित विकास को गति देने के उद्देश्य से जिला कलक्टर मोहम्मद जुनैद पी.पी. की अध्यक्षता में विभिन्न गैर सरकारी संगठनों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी संस्थाओं का स्वागत करते हुए उनके कार्यों एवं परियोजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के समग्र विकास एवं जल संरक्षण के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं की साझेदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अर्पण सेवा संस्थान द्वारा जल संरक्षण, ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट, पौधारोपण एवं सिंचाई प्रबंधन से जुड़े नवाचारों की जानकारी दी गई। वहीं सेवा मंदिर ने जनजातीय क्षेत्र में महिला आजीविका संवर्धन, ग्राम सभा सशक्तिकरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के पुनर्स्थापन संबंधी कार्यों की जानकारी साझा की। गायत्री सेवा संस्थान ने वाटरशेड आधारित विकास कार्यों एवं उनके सकारात्मक प्रभावों पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी, प्रयत्न समिति, बसुदेव कनोरिया सेवा संस्थान, अर्पण सेवा संस्थान, सहयोग संस्थान, सेंटर फॉर माइक्रो फाइनेंस जयपुर, महान सेवा संस्थान एवं सेवा मंदिर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चित्तौड़गढ़ । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नही, बल्कि जन जन का आंदोलन है। यह अपनी संस्कृति, अपनी आस्था और अपने भविष्य को बचाने का अभियान है। जल है तो कल है यह केवल एक नारा नहीं बल्कि जीवन का सत्य है। यदि हम आज जल का संरक्षण करेंगें तो आने वाली पीढ़ियो के लिए सुख, समृद्धि और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या बुधवार को आर्य गुरूकुल गौशाला प्रांगण में पशुपालन एवं गौपालन विभाग द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियो, जनप्रतिनिधियो, कार्यकर्ताओ एवं आमजन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल ने सभी से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए जल स्त्रोतो की स्वच्छता एवं सरंक्षण, जल संचयन तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का अनुरोध किया। इस दौरान विधायक आक्या व उपस्थित अधिकारियो, जनप्रतिनिधियो, कार्यकर्ताओ एवं आमजन ने जल, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के तहत वृक्षारोपण कर पक्षियो के लिए परिंडे लगाए तथा गौमाता को हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर रघु शर्मा, सुरेश झंवर, सुशील शर्मा, नगर मण्डल अध्यक्ष गौरव त्यागी, भरत जागेटिया, अनिल ईनाणी, शैलेन्द्र झंवर, ओमप्रकाश शर्मा, भोलाराम प्रजापत, दीपक शर्मा, नवीन पटवारी, विश्वनाथ टांक, चंद्रशेखर सोनी, सुधीर जैन, राजन माली, अविनाश शर्मा, विनीत तिवारी, राजकुमार तोलंबिया, चंद्रदेव, हीरानंद शास्त्री, आचार्य नंदकिशोर, गावदेव शास्त्री, विशाल माहेश्वरी, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. हनुमान आर्य, संयुक्त निदेशक डॉ. सुमेरसिंह रावत व डॉ. सीता खटीक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधी, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

डूंगरपुर। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत बुधवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मीडिया विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। फील्ड भ्रमण के दौरान मीडियाकर्मियों को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 एवं अन्य योजनाओं के तहत किए गए जल संरक्षण एवं जलग्रहण विकास कार्यों का अवलोकन करवाते हुए उनकी उपयोगिता की जानकारी दी गई। वाटरशेड अधीक्षण अभियंता मूलाराम सोलंकी ने डूंगरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत चकमहुड़ी सहित जिले में किए गए जल संरक्षण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के अंतर्गत जलग्रहण विभाग, पंचायतीराज, जल संसाधन, वन, ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग द्वारा लगभग 7800 जल संरक्षण कार्य किए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 के तहत बिछीवाड़ा, साबला एवं सागवाड़ा ब्लॉकों में विभिन्न विभागों के 2181 स्वीकृत कार्य प्रगतिरत हैं। अवलोकन के दौरान अधिशासी अभियंता रवि कटारा एवं संदीप पांडे ने नाला उपचार, छोटे एनीकट, मिट्टी-सीमेंट के चेकडेम, परकोलेशन टैंक, माइक्रो स्टोरेज टैंक, सब-सर्फेस बैरियर एवं पक्के एनीकट सहित विभिन्न संरचनाओं के निर्माण एवं उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के माध्यम से जलग्रहण ढांचों की क्षमता बढ़ाने, मरम्मत, पुनरुद्धार एवं नालों के स्थिरीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नक्शे के माध्यम से चकमहुड़ी क्षेत्र में किए गए कार्यों का अवलोकन करवाते हुए बताया कि ईसीडी-651 की वर्षा जल भराव क्षमता 11 लाख लीटर, ईसीडी-648 की 9 लाख लीटर तथा एनीकट-584 की 35 लाख लीटर है। अधिकारियों ने बताया कि जिले का अधिकांश क्षेत्र ढलान वाला होने के कारण बरसात का पानी व्यर्थ बह जाता था, लेकिन इन जल संरचनाओं से जल संचयन बढ़ा है तथा मिट्टी कटाव पर भी नियंत्रण हुआ है। उन्होंने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान एवं मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत किए गए कार्यों से जिले में भूजल स्तर में 1.68 मीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे कुओं, बोरवेल एवं हैंडपंपों के जल स्तर में सुधार हुआ है। मौके पर मौजूद ग्रामवासियों ने भी इन कार्यों से हुए लाभ साझा किए। गौतम निवासी ने बताया कि कच्चे डेम बनने से पानी का ठहराव बढ़ा है, जिससे तालाब लंबे समय तक भरे रहते हैं और सर्दियों में भी खेती के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है। वहीं चकमहुड़ी निवासी बंसीलाल ने कहा कि छोटे-छोटे नालों को रोककर बड़े नालों में एनीकट बनाए गए हैं, जिससे हैंडपंपों एवं कुओं का जल स्तर बढ़ा है और किसानों को सिंचाई में लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क छाया चौबीसा, सहायक अभियंता रितेश सुमन, कनिष्ठ अभियंता यश ताबियाड़, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

डूंगरपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान 2026 के अंतर्गत बुधवार को भंडारिया घाटा गौशाला में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी बंसीलाल कटारा, हंसमुख पंड्या एवं जिला कलक्टर देशलदान उपस्थित रहे। जिला कलक्टर देशलदान ने संबोधित करते हुए कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामूहिक चिंतन और सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने गाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि एक व्यक्ति भी एक कदम आगे बढ़ाता है तो देश 140 करोड़ कदम आगे बढ़ता है। व्यक्ति के विकास से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। समाजसेवी बंसीलाल कटारा ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन से जुड़ा जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल एवं स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर गौशाला में गायों की पूजा-अर्चना कर उन्हें हरी घास एवं गुड़ खिलाया गया। साथ ही पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर पर्यावरण एवं जीव संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दिनेशचंद्र बामनिया ने दिया। संचालन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी शांतनु शर्मा ने किया तथा आभार हर्ष मेहता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यवाहक अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमानसिंह राठौड़, संयुक्त निदेशक डॉ. दिनेशचंद्र बामनिया, हंसमुख पंड्या, हेमेंद्र मेहता सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

फतहनगर। नगर की श्री कृष्णा महावीर गौशाला में बुधवार को 'वंदे गंगाजल संरक्षण जनजागृति अभियान' के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इस अवसर पर पशुपालन विभाग से सुरेश जैन, सुरेंद्र छगानी, शैलेंद्र, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुखलाल गुर्जर, गौशाला अध्यक्ष कैलाश चंद्र अग्रवाल, समाजसेवी बिहारी लाल अग्रवाल, मनोहर लाल कावड़िया, श्रीमती रितु अग्रवाल, नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी छैल कुंवर चारण, कल्याण सिंह पोखरना सहित कई गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। कार्यक्रम में जगदीश चंद्र मुन्दड़ा,कैलाश अग्रवाल,मांगीलाल साँखला, कैलाश खंडेलवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

बेगूं । राज्य सरकार द्वारा संचालित वंदे गंगाजल संरक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत बुधवार को पशुपालन विभाग बेगूं द्वारा श्री देव गौशाला रूडगढ़ रायता में विभिन्न जनजागरूकता एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत गोपूजन एवं पीपल पूजन किया गया। साथ ही जलकुंड की सफाई कर सफेद चुने से पुताई की गई। पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए तथा पशुपालन से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी पशुपालकों को प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ सुरेश गिरी गोस्वामी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ. नीतीश आरबाड, डॉ. देवकिशन गुर्जर, डॉ. किरीट मीणा, डॉ. प्रतीक्षा कृष्णिया सहित पशुधन निरीक्षक बाबूलाल धाकड़, दिनेश जाजोरिया, भरत मीणा, फूलसिंह मीणा, संजय धाकड़, वंदित बैरागी, महेंद्र मीणा, नारायण भील एवं गोविंद प्रसाद मौजूद रहे।

बड़ीसादड़ी। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत गौ रक्षक सेवा समिति गौशाला बड़ी सादड़ी गौशाला में एसडीएम प्रवीण मीणा तहसीलदार पंकज कुमार बीडीओ उप निदेशक पशुपालन विभाग वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी,जन प्रतिनिधि गौशाला अध्यक्ष प्रकाश धाकड़ एवं उपस्थित अधिकारी कर्मचारी प्रबुद्ध जन ने पानी कुंड का पूजन गौ माता का पूजन कर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे कर पौधारोपण किया गया ।

आम सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री जितेन्द्र शर्मा पिता श्री रामजीलाल शर्मा आयु 59 वर्ष निवासी लोधा घाटी हालनिवासी फ्रेन्ड्स कॉलोनी, लालबाग, नाथद्वारा, जिला राजसमन्द (राज.) का पुत्र तुषार शर्मा आयु करीब 24 वर्ष मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है और अपनी मनमर्जी करता है कोई भी व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र तुषार शर्मा से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन, संव्यवहार करता है तो उसमें मेरे मुवक्किल की कोई भी जिम्मेदारी व दायित्व नही होगा एवं मेरा मुवक्किल अपने पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता है। अतः सूचित रहे।

दिनांक : 27.05.2026 एडवोकेट
स्थान : नाथद्वारा हर्षवर्धन शेखर माली
लाल बाग, नाथद्वारा (राज.)
मो. 8949666180

भारत विकास परिषद ने बांटे 201 परिंडे और 51 जल टंकियां

गंगापुर (प्रातःकाल संवाददाता)। भीषण गर्मी के दौर में जहां इंसान ही नहीं बल्कि पक्षी और पशु भी पानी की कमी से बेहाल हैं, वहीं सेवा और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए भारत विकास परिषद गंगापुर शाखा द्वारा पक्षियों एवं पशुओं के संरक्षण के लिए सराहनीय पहल की गई। परिषद द्वारा बुधवार को बस स्टैंड परिसर में पक्षियों के लिए 201 परिंडे एवं पशुओं के लिए 51 जल टंकियों (जल पात्रों) का वितरण किया गया। शाखा सचिव दिनेश कुमार श्रोत्रिय ने बताया कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल पक्षियों और बेसहारा पशुओं को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम में परिषद के रिजनल महासचिव संदीप बाल्दी, गौ सम्मान अभियान के राज्य प्रभारी एवं पूर्व सहायक निदेशक (संस्कृत शिक्षा) बहादुर सिंह गुर्जर, शाखा अध्यक्ष चमन लोसर, कोषाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, परिषद सदस्य भेरूलाल सुराणा, पवन रुइया, पवन लोहिया, मनोज मूंदड़ा, सुरेश तिवारी, नंदकिशोर तेली, प्रमोद वागरानी, चैनसुख जीनगर, आशीष सेन, महिला सदस्या दया सैनी, विमला साहू, इरफान मंसूरी, पूर्व पार्षद भेरूलाल भील सहित गंगापुर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कांग्रेसजनों ने पं. नेहरू का अर्पित की श्रृद्धाजंलि

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व प जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर मनाई गई। जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय में नेहरू की पुण्यतिथि पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर एवं उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए पुण्य तिथि मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि पं. नेहरू स्वतंत्रत भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। आधुनिक भारत के शिल्पकार माने जाने वाले नेहरू ने 1947 से 1964 तक देश का नेतृत्व किया। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी, लेखक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुट निरपेक्ष आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार थे। जिन्होंने देश को विकसित करने के लिए कई योजनाओं को क्रियान्वयन किया ताकि हमारा देश विश्व में सबसे अग्रिम रहे। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह सांखला, अहसान पठान, दिनेश चाष्टा, दिनेश गुर्जर, धर्मेंद्र मूंदड़ा, लक्ष्मण सिंह सांखला, दिनेश शर्मा, बी एम मीणा, अनिल सेठी, गजानंद गुर्ज़र, निर्मल जैन, शिव माली, चक्षु शर्मा, गोटू अली, संजय सेन, आशीष त्रिवेदी, राजकुमार वैष्णव, सावर मल, राजा शेख, नरेन्द्र लोहार, सुमित उपाध्याय, संजय राव, रामरतन गाडरी, जीवन सिंह, महेश गाडरी, मोहसिन खान, नासिर खान सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

निंबाहेड़ा। नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निंबाहेड़ा के तत्वावधान में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को स्थानीय माल गोदाम रोड स्थित नेहरू पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू के विचारों को आधुनिक भारत की मजबूत नींव बताया।

डूंगरपुर। जिला कांग्रेस कमेटी डूंगरपुर के भवन में बुधवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पूर्व सांसद एवं पूर्व एआईसीसी सचिव ताराचंद भगोरा के मुख्य आतिथ्य तथा जिला उपाध्यक्ष बंशीलाल साद की अध्यक्षता में नेहरू की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर मनाई गई व गोष्ठी कर श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें सभी वक्ताओं ने नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस को मजबूत करने की शपथ ली गई। इ पूर्व सांसद एवं पूर्व एआईसीसी सचिव ताराचंद भगोरा, पूर्व राज्य मंत्री डॉ शंकर यादव, पूर्व राज्य मंत्री असरार अहमद खान, संगठन महासचिव नारायण पंड्या, जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता नानूराम माली, जिला प्रवक्ता सुखदेव यादव, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साद, नगर अध्यक्ष लक्ष्मीलाल काका, उप जिला प्रमुख श्रीमती सुरता परमार, पूर्व प्रधान कांता कोटेड़, सेवादल जिलाध्यक्ष उर्मिला अहारी, जिलाययक्ष अभाव अभियोग प्रकोष्ठ मनोहर कोटेड़, जिलाध्यक्ष खेल विभाग प्रवीण गमेती,जिला कोषाध्यक्ष दशरथ ननोमा, जिला महासचिव अंशुमाला पंचाल, जिला महासचिव केवलराम कोटेड़, पूर्व नगर अध्यक्ष शार्दूल चौबीसा, जिला सचिव मस्तुक मलिक, पूर्व महासचिव बालकृष्ण परमारए पूर्व पार्षद सुरेश फु मतिया, योगेश कोटड़िया, भगवती प्रसाद पंड्या,उमेश जोशी, एनएसयूआई के रितेश भगोरा,उमेश रावल सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR

No. NIT/2026-27/2551-62 निविदा सूचना/2026-27 Date: 27.05.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.)	निविदा सूचना संख्या
Light Fixtures & Heat Pump work at HCM RIPA, OTS, Jaipur UBN: RRC2627WSOB00207	106.21 Lakh	अल्पकालीन ई-125/ 26-27
Development of Covered Walkway at Zanana Hospital, Chandpole Bazar, Jaipur. UBN: RRC2627WSOB00202	29.40 Lakh	ई-126/ 26-27
Comprehensive Maitenance & Operation of Fire Protection System at New Building, RHC, Jodhpur. UBN: RRC2627WSOB00209	16.60 Lakh	अल्पकालीन ई-131/ 26-27

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
BHARAT SANCHAR NIGAM LIMITED
(A Govt. of India Enterprise)

संख्या : BSNLCO-11/12(11)/1/2026-RECTT-CO दिनांक : 26/05/2026

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार संवर्ग में कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी (जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर) के पद हेतु प्रत्यक्ष भर्ती योजना के अंतर्गत खुले बाजार से प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है।

इच्छुक उम्मीदवार अधिक जानकारी एवं नवीनतम अपडेट के लिए बीएसएनएल की वेबसाइट www.bsnl.co.in पर जा सकते हैं।

बीएसएनएल निगम कार्यालय, नई दिल्ली

CBC 06204/12/0001/2627

किसानों को ऑर्गेनिक खेती अपनानी चाहिए : कैलाश चौधरी

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि इस सम्मेलन किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरीए प्रदेश महामंत्री रेवंत सिंह, प्रदेश मंत्री जीवन चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोती सिंह रावत के सानिध्य में आयोजित हुआ। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के सम्मानए समृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। भाजपा सरकार ने किसान को केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि अन्नदाता के रूप में सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से करोड़ों किसानों के खातों में सीधे सहायता राशि पहुंचाई गई है जिससे छोटे एवं सीमांत किसानों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने फसल बीमा योजनाए किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का लगातार प्रयास किया है। प्रदेश महामंत्री रेवंत सिंह ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और भाजपा सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। किसान सम्मेलन का उद्देश्य किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़ना और खेती में नवाचार के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने एवं समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसान हितैषी रही है और संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता किसानों के सम्मान एवं अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन गांव और किसान की शक्ति से मजबूत बना है। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोती सिंह रावत ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं किसानों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा सदैव किसानों की समस्याओं एवं हितों को प्राथमिकता देकर कार्य कर रहा है। किसान सम्मेलन किसानों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का मंच है, जहां उन्हें सरकार की योजनाओं एवं कृषि से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, उप प्रमुख सोहनी देवी,पूर्व जिला अध्यक्ष मान सिंह बारहठ, वीरेंद्र पुरोहित, पूर्व विधायक बंशी लाल खटीक, महामंत्री प्रदीप काबरा, महेंद्र सिंह चौहान, देवी लाल प्रजापत सहित भाजपा एवं किसान मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

निधि आपके निकट का आयोजन

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन, क्षेत्रिय कार्यालय उदयपुर द्वारा प्रतिमाह आयोजित किया जाने वाला निधि आपके निकट कैंप का बुधवार को शहर के वेदांश इन्फ्रा सर्विसेज के तत्वावधान में सफल आयोजन हुआ। एक दिवसीय शिविर मे जिले के लगभग 22 लोगो को लाभान्वीत किया गया। जिला नोडल अधिकारी मुकेश डबगर ने बताया कि शिविर मे मुख्य अतिथि वेदांश इन्फ्रा सर्विसेज चिमनाराम चौधरी एवं मेनेजर पुनित तुनगरिया, ललित मेघवाल थे।

डबगर ने अतिथियो का स्वागत करते हुए शिविर के महत्व को विस्तार से समझाया। इस शिविर मे जिला नोडल अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध मे सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ मे भविष्यनिधी सदस्यो को स्वयं के नाम, पिता के नाम, जन्मतिथी, संशोधन डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र, तथा ईनामाकंन के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। शिविर मे भविष्यनिधि कार्यालय के मुकेश बैरवा ने आवश्यक सहयोग करते हुए उपस्थित आगन्तुको को पेंशन एवं पी एफ दावा प्रपत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने के आवश्यक बिन्दुओ से अवगत कराकर शिविर मे उपस्थित सदस्यो की अधिकतम शिकायतो का मौके पर ही निराकरण किया गया।

आम सूचना

मैं मेरे कार्यार्थी श्री प्रकाश चंद्र टाक पुत्र श्री मोतीलाल टाक, निवासी नियर कलालवाटी, राजनगर, तहसील राजसमंद, जिला राजसमंद (राज.) के निर्देशानुसार आपको सूचित करती हूं

यह कि मेरे कार्यार्थी के असल दस्तावेज में से आवसीय भूखण्डो के सर्वप्रथम कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, राजसमंद द्वारा रूपांतरण आदेश क्रमांक 256/95 दिनांक 13/06/1996 के तहत आराजी संख्या 1054, 1056 से 1068 एवं 1077/1018, किशोरनगर, तहसील राजसमंद, जिला राजसमंद (राज.) की कुल 866.11 वर्गगज भूमि श्री लाछा पुत्र श्री भीमा भील निवासी ग्राम मोलेला, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमंद (राज.) के पक्ष में जारी की गई तथा तत्पश्चात उक्त भूमि का पट्टा संख्या 217/96 भी श्री लाछा के पक्ष में जारी हुआ। इसके पश्चात श्री लाछा पुत्र श्री भीमा भील द्वारा दिनांक 03/07/1996 को श्री भेरूलाल पुत्र श्री लालूलाल भील निवासी नाथद्वारा, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमंद (राज.) के पक्ष में पावर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित की गई, जिसकी फोटो प्रति उपलब्ध है। तत्पश्चात उक्त भूमि में से 1560 वर्गफीट क्षेत्रफल का आवासीय भू-खण्ड, जो प्लॉट संख्या 256, महावीर नगर, किशोरनगर, कांकरोली, तहसील राजसमंद, जिला राजसमंद (राज.) स्थित है, का मूल पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18/07/2003 को श्री लाछा अपने पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्री भेरूलाल भील के माध्यम से श्री रोशन प्रकाश रेगर पुत्र श्री चुन्नीलाल रेगर निवासी ग्राम मोही, तहसील राजसमंद, जिला राजसमंद (राज.) के पक्ष में निष्पादित किया गया। तत्पश्चात नगर पालिका मंडल राजसमंद द्वारा उक्त संपति के संबंध में मूल निर्माण अनुमति पत्र क्रमांक 378 दिनांक 19/03/2005 एवं मूल एनओसी पत्र क्रमांक 269 दिनांक 24/03/2005 श्री रोशन प्रकाश रेगर के पक्ष में जारी किए गए। इसके पश्चात उक्त संपति का मूल पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18/08/2008 को श्री रोशन प्रकाश रेगर द्वारा श्रीमती जया देवी पत्नी श्री जगदीश कुमार दवे निवासी ग्राम कासार, तहसील कुम्भलगढ़, जिला राजसमंद (राज.) के पक्ष में निष्पादित किया गया तथा तत्पश्चात दिनांक 24/02/2009 को श्रीमती जया देवी द्वारा उक्त संपत्ति श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री देवलाल उर्फ देवेन्द्र कुमार त्रिवेदी निवासी ग्राम राज्यावास, तहसील राजसमंद, जिला राजसमंद (राज.) के पक्ष में विक्रय की गई। इसके पश्चात दिनांक 19/03/2015 को श्रीमती सरोज देवी द्वारा उक्त संपति श्री प्रकाश चंद्र टाक पुत्र श्री मोतीलाल टाक निवासी नियर कलालवाटी, राजनगर, तहसील राजसमंद, जिला राजसमंद (राज.) के पक्ष में अंतिम पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित किया गया, जो वर्तमान में सुरक्षित है। उपरोक्त वर्णित अंतिम पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 19/03/2015 को छोड़कर पूर्ववर्ती मूल पंजीकृत विक्रय विलेख, मूल निर्माण अनुमति पत्र एवं मूल एनओसी पत्र सहित मूल दस्तावेज कहीं खो गए हैं, जिनकी काफी तलाश करने पर भी प्राप्त नहीं हुए। उक्त संबंध में पुलिस थाना कांकरोली में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है, जिसका एफ. आई. आर. रिपोर्ट नंबर 3159553/2026 दिनांक 27/05/2026 है। जबकि रूपांतरण आदेश, पट्टा एवं पावर ऑफ अटॉर्नी आदि दस्तावेजों की फोटो प्रतियां उपलब्ध हैं। उक्त संपति का क्षेत्रफल 1560 वर्गफीट है तथा इसकी सीमाएं पूर्व में प्लॉट संख्या 257, पश्चिम में प्लॉट संख्या 255, उत्तर में 30 फीट चौड़ा रोड एवं दक्षिण में कृषि भूमि है।

उक्त मूल दस्तावेज यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त हों अथवा किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, अन्यथा बाद में प्राप्त किसी भी आपत्ति/ दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक : 27.05.2026 पूजा उपाध्याय- एडवोकेट
जे.के. मोड, कांकरोली, राजसमंद, मो. 9636541058

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चित्तौडगढ़, बापू नगर चित्तौडगढ़, 0116670700022214, 2930, 3744, 3794, 3804, 3844, 4029, 4063, 4240, 0116670730041896, 2838, 3058, 5257, मीरा नगर चित्तौडगढ़, 0124830700020934, 1854, 1884, राजसमंद, कांक्रोली, 0135730700014685, 4779, 0135730730047448, 7769, 8599, 0913, न्यू रोड नाथद्वारा, 0138020700004331, 4399, 4433, 4916, 0138020730030471, 1628, 1968, 0168, राजसमंद, 0137900700004206, 0137900730018660, 8714, 0747, 0967, 0066, उदयपुर, हिरान मंगरी उदयपुर, 0113790700030314, 0891, 0895, 0983, 1264, 1973, 0113790730039362, 1923, 3435, 3621, 5340, केशव नगर चौराहा, 0126580700021554, 1751, 2277, 0126580730020853, प्रताप नगर उदयपुर, 0114260700024596, 4603, 4610, 5055, 5378, 5434, 0114260730016913, 7009, 7226, 8990, 9041, 0011, तोरण बावड़ी उदयपुर, 0113780700025555, 5778, 5779, 5833, 0113780730023182, 4355, 4864, 6933, 6936,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की महंगाई को लेकर चौरासी कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

सीमलवाड़ा । पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, पेयजल संकट, बिजली कटौती, बेरोजगारी सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर चौरासी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड कार्यालय परिसर में करीब एक घंटे तक धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने महंगे पेट्रोल के विरोध में मोटरसाइकिलों को धक्का देकर प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर खाली मटके उठाए तथा पुरुष एवं महिला श्रमिकों ने मनरेगा में काम नहीं मिलने के विरोध में हाथों में गेती-फावड़े लेकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन में बताया गया कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 11 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम चार बार बढ़ाए जाने से महंगाई और बढ़ गई है। इस दौरान पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी, विधायक प्रत्याशी महेश रोत, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियकांत पंड्या, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुश्ताक अहमद खान पठान, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कटारा, सरपंच संजय कलासुआ, मुकेश खांट, महेंद्र भगोरा, अमृतलाल कलाल, शाहिद बंगा, बालगोविंद पाटीदार, मंडल अध्यक्ष धनेश्वर पाटीदार, राजमल कोठारी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।